बरसों से न्यायालय में विचाराधीन मामलों का निपटारा



## खबर संक्षेप

### छग प्रगतिशील यादव समाज की बैठक

**रायगढ़।** शनिवार को प्रगतिशिल यादव महासंघ रायगढ़ यूनिट की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेन्द्र बहादुर सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता निरंजन सिंह तथा विशिष्ठ अतिथि वासुदेव यादव थे। कार्यक्रम में दो प्रस्ताव पारित किए गए। प्रथम में जन्माष्टमी पर्व बड़े धूमधाम से शोभा यात्रा के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। दूसरे प्रस्ताव में केंद्र की सूची में रावत जातिए तथा यदु को जोड़ने हेतु प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से प्रदेश के हर जिले से भेजने का निर्णय लिया गया। महासंघ रायगढ़ यूनिट की प्रथम वर्षगांठ तथा संयोजक इंजीनियर एस डी यादव का जन्मदिवस भी था। अतः इंजीनियर एस डी यादव ने अपने सभी अतिथियों के साथ केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर 10 स्वजातीय बंधुओं ने सदस्यता ग्रहण की। जिनमें सर्व नागेश्वर यादव, ब्रजेश कुमार यादव, रामाधार यादव, नागेंद्र यादव, पप्पू यादव, दिलीप यादव, ब्रजेश यादव, शिव बहादुर यादव, मनीष यादव, शिव लोचन यादव शामिल रहे। कार्यकम के संयोजक इंजीनियर एस डी यादव तथा मेजवान रामेश्वर यादव प्रोपराइटर बाला जी ट्रांसपोर्ट रायगढ़ थे। कार्यकम में सभी ने अपना अपना परिचय दिया तथा संगठन विस्तार हेतु सुझाव दिए। कार्यकम को मुख्य अतिथि जितेन्द्र बहादुर सिंह, महासचिव छत्तीसगढ़ निरंजन सिंह तथा बासुदेव यादव, एवम श्रीमति आशा रानी यादव ने संबोधित किया।

### महिला से अभद्रता कर दी धमकी, गिरफ्तार



**रायगढ़।** थाना कोतवाली में महिला द्वारा उसके घर के पास रहने वाले नवाब अली व शेख चांद अली पर अभद्रता करने और धमकी देने की लिखित शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानतीय धाराओं पर अपराध दर्ज कर आरोपी शेख चांद अली को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी नवाब अली फरार है। महिला बताई कि कुछ दिन पहले नवाब अली और शेख चांद अली दोनों मिलकर उसके घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगवाए थे। कैमरा की दिशा को इसके कमरे तरफ होने पर चांद अली को ब्ब्ट हटाने बोली। तब चांद अली कैमरा खराब है बताया था। 11 जुलाई को पता चला कि सीसीटीवी कैमरा चालू है। चांद अली को घर में तांक झांक करते हो कहकर बोली तो दोंनो भाई अश्लील गाली गलौच कर धमकी दिए। महिला ने जब घटना अपने पति को बताई तो चांद अली बेहद गंदी टिपण्णी किया जिसकी लिखित शिकायत महिला द्वारा थाना कोतवाली में की गई। महिला के आवेदन पर दोनों आरोपियों पर धारा 331(4) 76, 351(2) 115(2) 79, 3.5 का अपराध दर्ज कर आरोपी चांद अली 39 वर्ष रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### उधारी पैसा लौटाने के बहाने घर आकर महिला से छेड़छाड़



**रायगढ़।** स्थानीय महिला द्वारा थाना जूटमिल में आरोपित मुन्ना यादव पर घर में अकेली पाकर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज करायी। महिला ने बताया कि 12 जुलाई को सुबह पति ड्यूटी पर गया हुआ था। घर पर अकेली थी शाम करीब 4.30 बजे मुन्ना यादव आया और उधारी 50 लौटने की बात कह कर उल्टी सीधी अश्लील बातें करने लगाए जब मुन्ना यादव को पति के नहीं होने की जानकारी हुई तो हाथ बांह पकड़कर छेड़खानी करने लगा। महिला शोर मचाई तो आरोपी भाग गया। महिला ने थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराई, आरोपी के विरुद्ध छेड़खानी का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सड़क दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे ग्रामीण

# ओवरस्पीड के चक्कर में बढ़ी सड़क दुर्घटना, पलट रहे वाहन

स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की गई थी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार क्षेत्र में फ्लाईएश लोड गाड़ियों की तेज रफ़्तार और रफ़्तार और अधिक ट्रिप लगाने के चक्कर और चंद पैसों के लालच में चालक लापरवाही पूर्वक तेज गति से फ्लाई एस लोड गाड़यों से आए दिन दुर्घटना हो रही है। जिंदल से लेकर डोंगामहुआ तक की सड़क सबसे ज्यादा खतरनाक हो गई है। चौक चौराहों पर भी फ्लाईएश की गाड़ियां धीमी नहीं हो रही है। जिससे आए दिन ग्रामीण सड़क दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं।

अभी कुछ दिन पहले ही हुंकारडिपा चौक के पास एक घटना हुई। एक युवक पेट्रोल पंप की ओर से पेट्रोल डला कर सड़क किनारे पर था। तभी लिबरा की ओर से आ रही फ्लाईएश की गाड़ी ने बाइक को रौंद दिया। इसके बाद चौक में खूब बखेड़ा हुआ, क्षतिग्रस्त हुए बाइक के बदले नई बाइक की मांग की गई। काफी विवाद के बाद मामला शांत है। नई सड़कों पर गाड़ियों के स्पीड नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर भी नहीं बना है, जिस वजह से गति नियंत्रित नहीं हो पा रही है। अभी कुछ दिनों पहले लिबरा गांव के पास एक हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा कई घंटो तक चक्का जाम किया गया था। जहां स्पीड ब्रेकर बनवाए जाने की मांग भी की गई थी। लेकिन उनकी मांगे अभी तक नजर अंदाज की गई है। तमनार के हुकराडिपा चौक के नीचे केलो ब्रिज के दोनों और काफी ढलान है। जिससे ढलान में चालक डीजल बचाने के चक्कर में गाड़ी न्यूटल कर रहे हैं। ढलान होने की वजह से गाड़ी की रफ्तार काफी तेज हो रही है। और अनियंत्रित गाड़ी कई बार हादसे के शिकार हो रहे हैं। राहगीर भी कई बार चपेट में आ रहे हैं।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक घायल

लैलूंगा पत्थलगांव और कापू थाना सरहद अंतर्गत एक पिकअप चालक ने बाइक सवार शिक्षक को ठोकर मार दी। ठोकर मारने के पश्चात शिक्षक को प्राथमिक इलाज हेतु पत्थलगाव अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घायल की स्थिति को देखते हुए उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम किलकिला पुलिया पर आज 11 बजे लगभग ग्राम नारायणपुर स्कूल में पदस्थ शिक्षक श्रीनाथ राठिया निवासी ग्राम अलोला, अपने स्कूल से वापस अपने घर जा रहे थे। तभी किलकिला पुल पार करने के दौरान सामने से आ रही पिकअप ने उन्हें ठोकर मार दी। ठोकर मारने के पश्चात वह सीधे नदी में जा गिरे, पानी मे गिरते ही वे जैसे तैसे अपने आपको पानी से तैरकर निकाला। नदी में गिरने से उनकी जान तो बच गई, पर उनके पैर में गम्भीर चोट लगी है। बताया जा रहा है कि इस घटना में उनका पैर बुरी तरह जख्मी हो गया है, जिसे पत्थलगांव अस्पताल लाया गया था परंतु उनकी स्थिति को देखते हुए उन्हें बाहर रेफर कर दिया गया।



### दिव्यांग की गला रेत कर हत्या जांच में जुटी पुलिस

**डोंगाकोहरौद।** दिव्यांग युवक की गला रेतकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की जांच के लिए एक्टपर्ट की मदद ली जा रही है। क्राइम सीन एक्सपर्ट को भी घटना स्थल में बुलाया गया। है। जहा आस पास के खून के निशान मिले है जिसे जांच के लिए सेपल को लेकर लैब भेजा गया है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की पतासाजी में जुट गई है। घटना पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम डोगाकौहरोद की है। इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोंगाकोहरौद निवासी शारीरिक रूप से मनोज कुमार नट बोल और सुन नहीं सकता था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ तालाब किनारे झुग्गी बनाकर भिक्षा मांगकर अपने और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीती रात 10 बजे वह घर से खाना खाने के बाद निकाला था जिसके बाद घर वापस नहीं आने पर खोज बीन की गई, मगर कुछ नहीं पता चला था। शनिवार 13 जुलाई की सुबह 8 बजे तालाब के किरने मनोज कुमार नट का मृत अवस्था में शव घर से 50 मीटर दूर तालाब के किनारे मिला है। डीएसपी अनिल कुर्रे ने बताया की घटना की जानकारी मिलने पर पामगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची हुई थी। क्राइम सीन एक्सपर्ट को भी घटना स्थल में बुलाया गया। जहां आस पास के खून के निशान मिले है जिसे जांच के लिए सेपल को लेकर लैब भेजा जाएगा।

# नियम कायदों का पालन नहीं करने वाले निजी स्कूलों की मान्यता होगी रद्द : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर धर्मेश साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शिक्षा का अधिकार आरटीई के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर धर्मेश साहू ने अधिकारियों को कहा कि यह पता करें कि शिक्षा का अधिकार आरटीई अधिनियम के तहत जिले के प्रायवेट स्कूलों में पढ़ रहे कितने बच्चों ने उस स्कूल से छुड़वाकर दूसरे स्कूल में दाखिला लिया है। उस प्रायवेट स्कूल को छोड़ने का कारण क्या है। यदि बच्चे और उसके पालक ने निजी कारणवश उस स्कूल से बेहतर सरकारी या निजी स्कूल में दाखिला लिया है तो ठीक है।



- एक ही दुकान से ड्रेस और कॉपी किताब खरीदने के लिए नहीं कर सकते बाध्य

कलेक्टर ने जिले के प्रायवेट स्कूलों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी प्रायवेट स्कूल फीस का निर्धारण नियम अनुसार करेंगे। साथ ही किसी एक दुकान से ड्रेस और कॉपी किताब खरीदने के लिए विद्यार्थियों को बाध्य नहीं करेंगे। इसी प्रकार यदि प्रायवेट स्कूल आरटीई के तहत दाखिल बच्चों के साथ लापरवाही करते। बच्चे को शारीरिक, मानसिक रूप से परेशान करते हैं तो इन सभी परिस्थितियों की जांच में किसी निजी स्कूल द्वारा ऐसा किया जाना पाया जाता है तो उस स्कूल के विरुद्ध मान्यता रद्द करने की कार्यवाही किया जाएगा। बैठक में परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी वर्षा बंसल, बीईओ नरेश जांगड़े, रेशम लाल कोसले और सत्यनारायण साहू सहित सेजेस के नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य नरेश चौहान, समग्र शिक्षा के जिला नोडल अधिकारी शोभाराम पटेल, बीईओ मुकेश कुर्रे, शिक्षक एस आर अजय सहित जिले के अन्य अधिकारी, प्राचार्य और शिक्षक उपस्थित थे।

# मीना बाजार लगाने का विरोध मोहल्लेवासियों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के सावित्री नगर में पिछले कई वर्षों से मीना बाजार लगने का विरोध किया जा रहा है। पिछले साल तो बाकायदा उच्च न्यायालय से स्थानागन के आदेश ले आया गया था परंतु मीना बाजार संचालक में इसे अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाते हुए लाखों रुपए खर्च कर स्टे ऑर्डर हटवाया था।

इस साल फिर से सावित्री नगर में ही क्षेत्र वासियों के तमाम विरोध के बावजूद उसी स्थान पर किसी नए मीना बाजार संचालक के द्वारा मीना बाजार लगाने जाने की चर्चा गर्म है। सावित्री नगर में मीना बाजार लगने का विरोध नगर निगम के महापौर जानकी काटजू एनेता प्रतिपक्ष पूनम सोलंकी, पार्षद दिवेश सोलंकी, वार्ड वासियों ने हस्ताक्षर युक्त पत्र अनुविभागीय अधिकारीए नगर निगम कमिश्नर, यातायात डीएसपी को पत्र लिखकर किया है। सावित्री नगर आने.जाने के लिए रेलवे अंडर ब्रिजएरेल पटरीए विश्वास गढ़ चर्च वाले मार्ग का इस्तेमाल किया जाता है। रेलवे अंडर ब्रिजएरेल पटरी अत्यंत संवेदनशील एवं दुर्घटना जन्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में लूटपाट, छिनताई, मारपीट, छेड़छाड़ होना रोजाना की बात है। सावित्री नगर आते समय शहर की सबसे बड़ी बड़पारा भट्टी को पार कर आना पड़ता है और जहां मीना बाजार लगता है। वहां पर भी शराब भट्टी होने की वजह से सुबह से देर रात तक माहौल में तनाव घुला रहता है। सबसे खतरनाक बात यहां है कि यहीं पर रेप पॉइंट है इस वजह से भारी भरकम वाहनों की अल सुबह से देर शाम तक रेलपेल मची रहती है और ज्यादा फेरे लगाने के चक्कर में वाहन चालक मनमानी तरीके से वाहन दौड़ाते रहते हैं। जिससे दुर्घटना का भय बना रहता है।



### सड़क हादसे में एसईसीएल कर्मचारी की मौके पर मौत

**रायगढ़।** रविवार को छाल घरघोड़ा रोड बोजिया ग्राम के पास एक सड़क दुर्घटना में एसईसीएल कर्मचारी की मौके पर मौत हो गई। मृतक विनय ग्राम नवापारा का निवासी था और नवापारा से जामपाली बाइक में सवार होकर जा रहा था तभी बोजिया पुल के पास एक कार अनियंत्रित हो कर बाइक को पीछे से ठोकर मार दी जिससे कार में सवार अन्य चार लोग घायल हो गए। इस घटना में विनय का सिर धड़ से अलग होने को आ गया और मौके पर उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी कार चालकों की खोजबीन शुरू की।

# एक ट्रक सीमेंट की हेरा फेरी का फरार ड्राइवर रायपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतरारोड़ पुलिस को पिछले ढाई साल से फरार चले रहे खयानत के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी वाहन चालक का कोई निश्चित पता, ठिकाना नहीं होने से गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। थाना प्रभारी कोतरारोड निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा लगातार आरोपी की जानकारी जुटाई जा रही थी, पिछले दिनों आरोपों के रायपुर, खमतराई इलाके में रहने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम रायपुर रवाना होकर आरोपी को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया।

घटना को लेकर कृष्णा बिहार कालोनी कोतरारोड़ में रहने वाले लोकेश अग्रवाल द्वारा 28 अक्टूबर 2021 को थाना कोतरारोड़ में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका श्री कृष्णा लाजिस्टिक का आफिस पतरापाली ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित है। जहां ट्रांसपोटिंग का काम किया जाता है। 04 सितंबर 21 को ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमई 5722 के चालक पप्पू कुमार यादव के माध्यम से जे ए स पी ए ल कम्पनी पतरापाली से 620 बोरी सीमेंट कीमती 164299/- रूपए लोड कराकर अक्षत इंटरप्राजेंज रमानुजगंज के लिए रवाना किया गया था। उक्त माल को ड्रायवर रमानुजगंज ना ले जाकर अपने वाहन मालिक इमाम खान गढवा ने आपस में मिलकर बेईमानी से सीमेंट को कहीं और बिक्री कर दिये जिस पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतरारोड़ में धारा 407, 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायम होने के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। वाहन चालक का निश्चित पता, ठिकाना नहीं होने से गिरफ्तारी में समय लग रहा था, थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा डीएसपी अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन पर लंबित मामलों के फरार आरोपियों की लगातार जानकारी मुखबीरों से ली जा रही थी। इसी बीच आरोपी के कुछ दिनों से रायपुर खमतराई में होने की जानकारी पर तत्काल पुलिस अधीक्षक की अनुमति पर कोतरारोड़ की टीम रायपुर रवाना होकर खमराई पुलिस के साथ दबिश देकर आरोपी पप्पू यादव उर्फ प्रेम कुमार यादव पिता मंगऊ यादव 25 साल निवासी वार्ड क्रमांक 03 थाना केरार, जिला गढवा (झारखंड) को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। आरोपी ने गाड़ी का किस्त नहीं अदा करने पर मालिक के साथ मिलकर 620 बोरी सीमेंट अन्यत्र बेच देना बताया। आरोपी वाहन मालिक इमाम खान हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पर है। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा वाहन जप्ती आदि की कार्यवाही पूर्व में की जा चुकी है।



आरोपी।

# रिटायर टीआई के बेटे से लूटपाट के आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पंजरी प्लांट निवासी सेवानिवृत्त टीआई झामलाल मार्को के बेटे दिलीप कुमार मार्को उम्र 44 साल से दो दिन पूर्व मदद देने के बहाने गाड़ी और नकदी लूटने वाले दोनों आरोपियों को खरसिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से बाइक और नगदी भी जब्त की है। जानकारी के मुताबिक प्रार्थी दिलीप मार्को का बाराद्वार सरवानी में पैत्रिक घर है। 09 जुलाई को अपने मोटर सायकल स्प्लेडर प्लस क्रमांक सीजी 13 पी 0950 बाराद्वार सरवानी गया था। जहां एक दिन रूकने के बाद दूसरे दिन परिचित मुन्ना ठाकुर के घर गांव सकरेली कला मिलने गया और वहां से रायगढ़ के लिए बाइक पर निकला। रात्रि वापस लौटते समय बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया जैसे तैसे मोटरसाइकिल को ढुलाते रॉक गार्डन बोतल्दा पहलवान ढाबा के पास पहुंचा। जहां दो लड़के आए और पूछे, जिन्हें मोटरसाइकिल का पेट्रोल खत्म हो जाना बताया। तब दोनों लड़के पेट्रोल दिलाते हैं चलो बोले। एक लड़का अपने साइन बाइक में बिठाया और दूसरा स्पलेण्डर बाइक को चोक करते हुए खुर्सीपाली लाये, रास्ते में सुनसान स्थान पर गाड़ी खड़ी कर हाथ मुक्के और बेल्ट से मारपीट कर नगदी 2000 और मोटरसाइकिल को लूट कर भाग गए। रिपोर्ट पर थाना खरसिया में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध 426/2024 धारा 309(6) 3.5 भारतीय न्याय संहिता के तहत लूट अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना प्रभारी खरसिया कुमार गौरव साहू एवं हमराह स्टाफ द्वारा पीड़ित के बताए हुलिए की जानकारी लेकर मुखबीरों को आरोपियों की सूचना देने लगाया गया। शीघ्र संदेही योगेश पटेल और होरीलाल सिदार निवासी खुर्सीपाली बोतल्दा को हिरासत में लिया गया जिनसे लूटपाट के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर लूटपाट करना स्वीकार किया है। आरोपी योगेश पटेल पिता दिलचंद पटैल 22 साल और होरीलाल सिदार पिता फुलसिंह सिदार 27 साल दोनों निवासी ग्राम खुर्सीपाली बोतल्दा थाना खरसिया के मेमोरेंडम पर दिलीप मार्को से लूटी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस बाइक सीजी 13, 0950 एवं 2000 तथा आरोपियों द्वारा मोटर घटना में प्रयुक्त की होंडा साइन मोटरसाइकिल सीजी 13 एएक्स 5517 कुल. 92,000 की मशरूका की जप्ती की गई है।



# गरीबों की अंत्योदय एक्सप्रेस को पटरी पर लौटा दें सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मोदी सरकार ने 2017 में एसईसीआर जोन को दो अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन सौगात दी थी। मार्च 2020 के बाद से यह ट्रेन लापता है। मोदी 3.0 के आम बजट से पहले गरीबों की इस ट्रेन को पटरी पर लाने के लिए शिक्षक ने रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनंदगांव कोरबा, जांजगीर चांपा के सांसदों से संपर्क कर इस संबंध में तत्काल एक साथ रेल मंत्री तक बात करने की मांग की है।

शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने रेल मंत्रालय रेल मंत्री दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन तक भी जनता की इस मांग को पहुंचाने की कोशिश की है। बताया कि अंत्योदय एक्सप्रेस चलने से कमजोर आर्थिक वर्ग के लिए कम पैसों में अधिकाधिक सुविधा के साथ सुपर फास्ट ट्रेन की सुविधा मिली हुई थी। कोरोना के बाद से अभी तक नाम पर ट्रेनें बंद हैं।

इन ट्रेनों के सभी कोच अनारक्षित होते थे। लेकिन सुविधा स्लीपर की तरह होती थी। 2017 से 22895 / 22896 दुर्ग फिरोजपुर दुर्ग और 14719 / 14720 बिलासपुर बीकानेर बिलासपुर अंत्योदय एक्सप्रेस दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को मिली थी। इसी के साथ 22885 / 22886 टाटानगर लोकमान्य तिलक टर्मिनस अंत्योदय एक्सप्रेस की सुविधा थी। इन सभी ट्रेनों से रायगढ़ बिलासपुर भाटापारा रायपुर दुर्ग राजनांदगांव को सीधे रेल सेवा मिली थी। वहीं कोरबा जांजगीर चांपा के लोग बिलासपुर और अंबिकापुर क्षेत्र के यात्री अनूपपुर शहडोल से अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन में सवारी करते थे। ये तीनों ट्रेनें चार साल से बंद हैं।



### ट्वीट ईमेल भेज कराया बंद ट्रेन का स्मरण

## विधायक का समर्थन, अवसरवादियों पर नहीं भरोसा

# भटगांव में कांग्रेसियों ने बागियों के लिए खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

भटगांव नगर पंचायत के कांग्रेसियों के इस्तीफे का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां एक ओर कांग्रेस से इस्तीफे दिए हुए बागी कांग्रेसियों को बीजेपी में नहीं लेने के लिए बीजेपी कार्यकर्ताओ ने अपने पार्टी में भ्रष्टाचारी कांग्रेसियों को नहीं सामिल करने के लिए मोर्चा खोल दिया और लिखित में अपने जिला अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौप कर विरोध प्रदर्शन किया।

जब बीजेपी कार्यकर्ताओ के विरोध सामने आया तो मजबूर होकर बागी कांग्रेसियों को बयान देना पड़ा की हम अभी किसी भी पार्टी में सामिल नहीं हो रहे है। वही दूसरी ओर भटगांव जोन के कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने भी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक टंडन को जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौपकर मांग किए है भटगांव जोन के कांग्रेस विरोधी गतिविधि में लिप्त पूर्व कांग्रेसियों नगर पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और पार्षदों को जिन्होंने कुछ दिन पहले पार्टी से इस्तीफा दिए है उन लोगो के कारण पार्टी की छबि धूमिल हुआ है ऐसे भ्रष्टाचारीओं को दोबारा पार्टी में न लिया जाए।

जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत भटगांव में हुए व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ़ 10 सूत्रीय मांगो को लेकर और बस स्टैंड भटगांव में बने व्यवसायिक परिसर का नाम पंडित जवाहर लाल नेहरू से बदल कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय करने का विरोध को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा क्षेत्री विधायक के समर्थन में चक्का जाम व भटगांव बंद कर विरोध प्रदर्शन किया गया। उसके बाद दूसरे ही दिन नगर पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से स्थिफा देकर स्थानीय विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे मान सम्मान को ठेस पहुंची है जिसके कारण हम पार्टी से अपना स्तीफा दे रहे है।

### अवहेलना बर्दाश्त नहीं

सरसींवा विधायक कविता लहरे ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि चक्का जाम और आन्दोलन क्षेत्र के जनता की हित के लिए था, भटगांव में बने व्यावसायिक परिसर हमारे भारत के प्रथम प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू जी के नाम से था जिसे बदल कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय किया गया हमारी पार्टी नेहरू का अवहेलना बर्दाश्त नहीं करेगा। नगर पंचायत भटगांव में बीजेपी सरकार के संरक्षण में चल रही भ्रष्टाचार, अफसर शाही रवैए बर्दाश्त नहीं किया जाएगा निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### रात में वाहन चालक से डीजल की लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा ।** रात्रि में कंटेनर वाहन को रोकवाकर चालक से मारपीट कर कंटेनर वाहन का डीजल लूट करने वाला फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है। मामला बलौदा थाना अंतर्गत बिरगहनी का है।इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जागेश्वर कुर्मी उम्र 35 वर्ष निवासी मजगंवा थाना रहली जिला सागर 21 मार्च को थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह ड्रायवरी का काम करता है जो कंटेनकर क्रमांक एमपी-17 सी-6267 को लेकर बलौदा आया था। कंपनी द्वारा बी. एस. एन. एल का काम बलौदा,अकलतरा रोड में चल रहा है जो कंटेनर वाहन क्रमांक एमपी-17 सी- 6267 को 21 मार्च को रात्रि करीबन 1 बजे कंट्रक्सन साईड में ले जा रहा था कि एसएसवी अस्पताल के सामने मेन रोड बलौदा के पास पहुंचा था बोलेरो वाहन में सवार व्यक्तियों ने गाडी को रोकी उसी समय बोलेरो में सवार व्यक्ति ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए राड से मारा।



# लैलूंगा में डेढ़ दर्जन गौवंशों की संदिग्ध मौत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के लैलूंगा विखं में दो दिन पहले दो पशुपालकों के डेढ दर्जन गौवंशों की संदिग्ध हालत में मौत होने की जानकारी मिली है। इनमें 13 गौवंश एक ही किसान के जबकि शेष एक अन्य किसान के मवेशी हैं। अचानक इतनी बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत की खबर से पशुधन विभाग हरकत में आ गया है। विभाग के चिकित्सक लैलूंगा के सोहनपुर स्थित घटना स्थल पर पहुंचे कर मवेशियों की मौत की जांच में जुट गए हैं।

## खबर संक्षेप



### नगर में पहुंची मां बनभौरी की निशान पद यात्रा

**बिश्रामपुर।** मां बनभौरी देवी की प्रथम निशान पद यात्रा का आयोजन दुर्गा पंडाल भैयाथान रोड सूरजपुर से आरंभ होकर कोयलांचल बिश्रामपुर पहुंची। नगर के साई परिसर में जलपान की व्यवस्था की गई ,यहां जलपान उपरांत पदयात्रा अम्बिकापुर के लिए रवाना हो गई।पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिला,पुरुष व युवा वर्ग की उपस्थिति रही।बिश्रामपुर में जलपान की व्यवस्था में लगे सेवादारों में प्रदीप गोयल, रिंकू गोयल, विजय गोयल,गोपाल तायल,सन्नी गर्ग,राम अवतार, मयंक गोयल सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### डेड़री में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**मानीचौक।** ग्राम पंचायत डेडरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया जिसमें नव प्रवेशी कक्षा पहली,छठवीं एवं नवमी के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में जनप्रतिनिधियों ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया तथा बच्चों को मिलने वाले विभिन्न सुविधाओं का वितरण किया। इसके अलावा शाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मानित किया गया। स्कूल प्राचार्य मोती लाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को अनुशासित रहते हुए विद्या अर्जित करने की सलाह दी। इस दौरान मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा सिंह, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंह, प्रदीप भूषण कुजूर, कामता प्रसाद सिंह, श्रीमती मानती सिंह, निशी एलिश, वासुदेव चक्रधारी सहित अभिभावक उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण तरीके से मोहर्रम मनाने हुई समिति की बैठक



**लखनपुर।** मुस्लिम समाज का मातमी पर्व मोहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दौरान बताया गया कि समाज द्वारा पहलाम के दिन 17 जुलाई को ताजिया के साथ जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान जुलूस के रूट चार्ट, झंडा की ऊंचाई, साउंड सिस्टम सहित अन्य विषयों को लेकर चर्चा की गई। मोहर्रम के जुलूस में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। बैठक में थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने लोगों को शांतिपुर्ण तरीके से पर्व मनाने का आह्वान किया गया ताकि किसी प्रकार की कोई घटना या अनहोनी न हो। बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष राम नारायण दुबे, समीम खान, ऐनुल खान, फिरोज खान, मोहम्मद हासिम शेख, आसिफ, कोसगा पूर्व सरपंच लोचन सिंह सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### ग्रामीण कर रहे थे प्लांटेशन काटकर जुताई, वन अमले ने जब्त की ट्रैक्टर



**रामानुजगंज।** वन भूमि में किए गए प्लांटेशन को दो ग्रामीणों ने न सिर्फ कटाई किया बल्कि खेती करने के लिए ट्रैक्टर से जुताई करना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी लगने पर वन विभाग ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। वन क्षेत्र धमनी अंतर्गत ग्राम विमलापुर में ढाई हेक्टेयर वन भूमि पर वन विभाग द्वारा पौध रोपण किया गया था। इसी बीच आज दोपहर वन विभाग को सूचना मिली कि विमलापुर निवासी रसीद आ. वकील एवं कन्हाई आ. राम रतन द्वारा कच्छ क्रमांक पी 482 वन खंड अनमोल के ढाई हेक्टेयर में ट्रैक्टर से जुताई की जा रही है वही प्लांटेशन एरिया के पौधों को भी काट दिया गया है। सूचना पर रेंजर अजय वर्मा टीम के साथ तत्काल मौके पहुंचे और जुताई कर ट्रैक्टर को जब्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

## उत्साहित किसान जुटे बुनाई-रोपाई में

# तीन दिन हुई वर्षा से किसानों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले तीन दिनो में हुई अच्छी वर्षा से पानी की कमी से गंभीर संकट से जूझ रहे सरगुजा के किसानों को काफी राहत मिली है।

**खास बात**
- 63 फीसदी कम वर्षा का आंकड़ा तीन दिन में पहुंचा 58 प्रतिशत

कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा होने के कारण नदी-नाले उफान पर आ गए हैं। हाल में हुई वर्षा से परेशान किसानों का उत्साह बढ़ गया है तथा ठप पड़ा रोपाई-बुनाई का कार्य जोर-शोर से प्रारम्भ हो गया है।

मानसून के कमजोर आगाज के बाद से ही सरगुजा वर्षा की कमी से जूझ रहा था तथा तीन दिन पूर्व तक सामान्य से 63 प्रतिशत कम वर्षा होने के कारण बुनाई-रोपाई का कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया था। वर्षा की स्थिति से किसान भयभीत थे। बुधवार को मौसम में बदलाव आया तथा पहली बार 66 मिमी वर्षा हुई। इसके बाद लगातार तीन दिनों तक अच्छी वर्षा हुई। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले तीन दिनों में 375.0 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है। पिछले तीन दिनों में हुई बारिश से अभी वर्षा की कमी दूर नहीं हुई है लेकिन कम वर्षा के मामले में छत्तीसगढ़ के सबसे निचले पायदान पर पहुंचे सरगुजा की स्थिति अब बदल गई है तथा पिछले चार दिनों में ही सामान्य से 63 फीसदी कम वर्षा का आंकड़ा बढ़कर 58 फीसदी पर पहुंच गया है। हालांकि वर्षा की स्थिति अभी भी अच्छी नहीं है। आगे नियमित वर्षा नहीं हुई तो धान की रोपाई पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सरगुजा में जून के महीने में औसत 221.1 मिमी की तुलना में मात्र 115 मिमी एवं 10 जुलाई तक औसत 115 मिमी की तुलना में 17.8 मिमी कुल 133.6 मिमी वर्षा हुई थी। बलरामपुर को छोड़कर कमोवेश यही स्थिति सरगुजा संभाग के अन्य जिलों की थी।

पिछले तीन दिनों की वर्षा के बाद बलरामपुर जिले में वर्षा का आंकड़ा सामान्य से 16 फीसदी ऊपर पहुंच गया है। बलरामपुर में औसत 263 मिमी की तुलना में अब तक 305 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। संभाग में कम वर्षा के मामले में सरगुजा अभी भी सभी जिलों से ऊपर है। सरगुजा में औसत 376.2 मिमी की तुलना में मात्र 159 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है जो औसत से 58 प्रतिशत कम है। सूरजपुर में औसत 343.9 मिमी की तुलना में 43 फीसदी कम 195.3 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है। जशपुर में औसत 447.6 मिमी की तुलना में 48 फीसदी कम 223.2 मिमी एवं कोरिया में औसत 223.5 मिमी की तुलना में 35 फीसदी कम 210.0 मिमी वर्षा हुई है। अच्छी वर्षा होने से अब पानी की कमी से मुरझा रहे बीड़ा को बचाने की चिंता खत्म हो गई है। धान के खेत लबालब हो गए हैं लेकिन रोपाई के लिए अभी भी नियमित वर्षा की जरूरत पड़ेगी।



बारिश के बाद खेतों में जमा पानी।

### रोपाई-बुनाई में जुटे किसान

पिछले तीन दिनों में हुई अच्छी वर्षा से उत्साहित कृषकों ने रोपाई-बुनाई का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। अब गांवों में जगह-जगह धान रोपाई करती महिलाओं का सामूहिक गीत गूंजना शुरू हो गया है। मौसम विज्ञानी अभी मौसम की स्थिति अनुकूल बता रहे हैं तथा रविवार तक वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि स्थितियां अनुकूल होने के बावजूद शनिवार को मौसम साफ रहा तथा तीन दिनों बाद अच्छी धूप निकली। मौसम विज्ञानी के अनुसार शनिवार को द्रोणिका की स्थिति में कुछ बदलाव आया है लेकिन अभी भी द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में है तथा डिहरी एवं आसनसोल से गुजर रहा है। बिहार एवं झारखण्ड के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जो वर्षा के लिए अनुकूल स्थितियां निर्मित करेगा।

### 1358 हेक्टेयर में सिमटी रोपाई

कम वर्षा के कारण अब तक 1358 हेक्टेयर में ही धान की रोपाई हो पाई है जो लक्ष्य का मात्र 2.79 फीसदी है। समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण सरगुजा में बोता धान की खेती का प्रचलन बढ़ रहा है। कृषि विभाग के अनुसार अब तक 11349 हेक्टेयर में बोता धान की बुनाई की गई है जो लक्ष्य का 47.56 फीसदी है। कम वर्षा होने के बावजूद मक्का की बुनाई 47 फीसदी पूरी हो गई है। दलहन एवं तेलहन फसलों की बुनाई की गति धीमी है।

### कुसमी में 235 मिमी वर्षा

पिछले 24 घंटे में बलरामपुर जिलान्तर्गत कुसमी ब्लाक में सर्वाधिक 235 मिमी वर्षा हुई है। इसी तरह बलरामपुर में 47.2 मिमी, डौरा-कोचली में 52.5 मिमी एवं रघुनाथ नगर में 92.41मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी में 44.2 मिमी, रामानुजनगर में 66.4 मिमी एवं सरगुजा जिलान्तर्गत अम्बिकापुर में 90.2 मिमी, सीतापुर में 47.5 मिमी वर्षा हुई है। पिछले तीन दिनों की वर्षा ने पूरे संभाग को प्रभावित किया है।

### परिस्थितियां अनुकूल

अभी भी वर्षा की अनुकूल परिस्थितियां हैं। तीन दिन हुई अच्छी वर्षा से स्थिति में काफी सुधार आया है।

-अक्षय मोहन भट्ट
मौसम विज्ञानी



# जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति ने चार स्थानों को किया ब्लैक स्पॉट घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति ने प्रतापपुर ब्लॉक के घाट पेंडारी, गोटगवा स्कूल से पुल, सिंगनडोल से धरमपुर और खड़गवां से उरांव पारा तक चार स्थानों को अधिक दुर्घटना जन्य क्षेत्र मान ब्लैक स्पॉट घोषित किया है। संबंधित क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों समेत गांव के लोगों को स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से दुर्घटना में घायल लोगों को त्वरित उपचार एवं एंबुलेंस व्यवस्था कर अस्पताल तक भेजने हेतु जानकारी दी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पंपापुर के चिकित्सा अधिकारी अभिलाष सिंह द्वारा जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति द्वारा खड़गवां से पंपापुर उरांव पारा तक घोषित ब्लैक स्पॉट में आज महान नदी के समीप संबंधित गांव के जनप्रतिनिधियों के साथ मौके पर जाकर दुर्घटना होने की स्थिति में सर्वप्रथम क्या करना उचित होगा इसकी जानकारी दी। उन्होंने सभी से बिना किसी भय के सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाने एवं आपातकालीन व्यवस्था हेतु एंबुलेंस को फोन करने की बात कही। साथ ही आम लोग सड़क दुर्घटना में घायल लोगों का किस तरह प्राथमिक उपचार और सहयोग कर सकते है, इस संबंध में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर खड़गवां पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उसका पालन करने कहा। प्रशिक्षण में पंपापुर उपसरपंच और भाजयुमो मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, अभय गुप्ता, मनीष प्रताप सिंह, आदर्श चक्रधारी, विकास सिंह, सत्यभामा शर्मा, श्रृष्टि लकड़ा, प्रमिला सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



# संवाद शिविर में लोगों की समस्याओं का किया गया त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर में आज संवाद शिविर का आयोजन किया गया है। इस संवाद शिविर के माध्यम से जमीनी स्तर में लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कलेक्टर एवं जिला से आए समस्त विभागों के अधिकारी द्वारा किया गया। व्यक्तिगत आवेदन को संबंधित विभाग ऑनलाइन पोर्टल में लीक कर दिया गया है।

कलेक्टर रोहित व्यास ने समस्या के निराकरण करने लिए के लिए संबंधित विभाग को मार्क किया गया है। विभिन्न विभाग से संबंधित कुल 280 आवेदन प्राप्त हुआ। 263 आवेदन मांग के रूप में एवं 17 आवेदन शिकायत प्राप्त हुए है। संवाद शिविर में कलेक्टर ने एवं जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शासन की योजना का लाभ जमीनी स्तर पर तथा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य और संबंधित मूल सुविधाओं के अनुसार समाज के माध्यम से शिकायत सहित ग्रामीण क्षेत्र के विकास हेतु जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से विकास कार्यों सहित मांगे व शिकायत की गंभीरता से शिकायत हेतु छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री सहित विभिन्न विभागों के शिकायत के लिए ऑनलाइन सहित निराकरण संबंधित गतिविधियों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि पेड़ों की अवैध कटाई का मामला, प्राइवेट स्कूल की जांच, मुख्यमंत्री सड़क योजना की शिकायत, आंधी तूफान से क्षति पूर्ति, खाद बीज की जांच,जनपद पंचायत गोविंदपुर जेसीबी से निर्माण कार्य, संबंधित शिकायत, सड़क निर्माण, शिक्षा संबंधित, महिला बाल विकास सहित कई तरह के आए हुए आवेदन पर सुनवाई निराकरण हेतु जांच कार्रवाई के लिए दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान एसडीएम ललिता भगत, जपं सीईओ राधेश्याम, जपं अध्यक्ष जगत लाल आयाम, संजू श्रीवास्तव, शिव भजन मरावी, लाल संतोष सिंह, मंजू मिंज, डॉ.आरएस सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**रामानुजगंज।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल भंवरमाल में वाद विवाद प्रतियोगिता एवं छात्र संघ चुनाव किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता मोबाइल छात्र जीवन में लाभ एवं हानि व ऑनलाइन एवं ऑफलाइन शिक्षण व्यवस्था के लाभ एवं हानि विषयों पर दो वर्ग जूनियर एवं सीनियर क्लासेस के आधार पर आयोजित की गई। सीनियर सेक्शन में विवेकानंद हाउस एवं जूनियर क्षेत्र में दयानंद हाउस विजय घोषित किया गया। विजेता छात्र-छात्राओं को एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने मेडल एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। सीनियर एवं जूनियर वाद विवाद प्रतियोगिता में अरविंदो हाउस उप विजेता रहे। कार्यक्रम के अगले क्रम में छात्र संघ के चुनाव संपन्न किए गए जिसमें मोबाइल एप पर आधारित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं बैलेट पेपर द्वारा मतदान कराया गया। कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के पश्चात परिणाम की घोषणा की गई जिसमें हेड बॉय मयंक विश्वास तथा हेड गर्ल छाया को विजय घोषित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक संस्कृत कमेटी के प्रमुख के रूप में अनुष्का प्रजापति हेल्थ कमेटी प्रमुख के रूप में प्राची एवं श्रेयांश, खेल कमेटी प्रमुख के रूप में नीरज नागवंशी,अनुशासन कमेटी में जगत मंडल एवं दिव्या को विजय घोषित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ज्ञानेंद्र कुमार वाजपेई ने बताया कि बच्चों कि इस प्रकार की गतिविधियां शैक्षणिक सत्र में निरंतर चलती रहती हैं जिससे बच्चों में उत्साह एवं स्वस्थ कंपटीशन की भावना जागृत होती है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# जल-जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी नियमों को ताक पर रखकर हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केंद्र सरकार जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का प्रयास कर रही है. लेकिन जमीनी स्तर पर नल जल योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण नहीं करने से ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से नियमों को ताक में रखकर पानी टंकी का निर्माण कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि ग्रामीणों ने घटना की शिकायत नहीं की है इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से ठेकेदार के हौसले बुलंद है जिसका खामियाजा क्षेत्र भोले-भाले ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

- इंजीनियर और एसडीओ नहीं रहते हैं मुख्यालय में

विकासखंड प्रतापपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी समेत पाइप लाइन विस्तार का कार्य किया जा रहा है। ठेकेदार एस्टीमेट के आधार पर काम नहीं कर रहे है। काम करने वाले राजमिस्त्री भी बता रहे हैं कि एस्टीमेट के आधार पर काम नहीं हो रहा है। बावजूद इसके विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ठेकेदारों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्धारित मापदंड अनुसार नींव नहीं खोदी गई थी और पानी टंकी निर्माण के लिए फाउंडेशन तैयार करना शुरू कर दिया गया है। अगर नींव ही मजबूत ना हो तो पानी टंकी धराशायी होने में देर नहीं लगेगी। कई जगह तो ठेकेदार द्वारा निर्धारित समय अवधि पर कार्य पूर्ण नहीं किया गया है और अधूरा छोड़कर दिया गया है। बावजूद इसके विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

इस संबंध में जनपद अध्यक्ष जगत लाल आयाम ने बताया कि मेरे संज्ञान में पूरा मामला है। मैंने अधिकारियों से चर्चा कर उसकी संपूर्ण जानकारी मांगा था लेकिन अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जल्द ही पीएचई कार्यालय घेराव कर एसडीओ और इंजीनियर का ट्रांसफर करने की मांग की जाएगी।



# पुलिस ने युवक के कब्जे से चोरी के पांच दो पहिया वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

क्षेत्र में एक के बाद एक सिलसिलेवार तरीके से हो रही दोपहिया वाहनों की चोरी में शामिल एक 24 वर्षीय युवक को बिश्रामपुर पुलिस ने पकड़कर उसके कब्जे से चार नग बाइक व एक नग स्कूटी बरामद करने में सफलता अर्जित की है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक जो कुंजनगर पंचायत के पीछे शिक्षक सुनील सिंह के किराए के मकान में रहता है ,वह कई मोटर साइकिल चोरी कर अपने पास रखा हुआ है और वाहन को विक्रय करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है।मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस उसके किराए के मकान में छापेमारी की तो आरोपी बृजेश महंत पिता प्रमोद महंत 24 वर्ष निवासी कुंजनगर थाना जयनगर घर पर ही मिला ,पुलिस उसे तत्काल हिरासत में लेकर उसके घर में रखे हुए दो पहिया वाहनों के विषय में पूछताछ किया तो उसने अलग अलग जगहों से चोरी कर बेचने के लिए रखने की बात स्वीकारी ।पुलिस ने आरोपी से वाहनों की कागजातों के विषय मे भी पूछताछ किया लेकिन वह कोई कागजात नहीं दिखा सका जिसके बाद पुलिस ने सभी वाहनों को गवाहों के समक्ष जप्त कर बीएनएस के तहत सम्पूर्ण मेमोरेंडम जप्ती कार्यवाही की फ़ोटो वीडियोग्राफी कराई ।आरोपी बृजेश महंत को पांचों दो पहिया वाहनों के साथ धारा 35(1-5)/303(2) बी एन एस एस/बी एन एस कारित करना पाए जाने पर आरोपी बृजेश महंत पिता प्रमोद महंत को गिरफ्तार कर शनिवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।



# ढोड़गापारा में दो महीने बाद पुनः बहाल हुई विद्युत आपूर्ति

**बिश्रामपुर।** सीमा विवाद के फेर में दो महीने से ग्राम पंचायत कुम्दा बस्ती के ढोड़गापारा के ग्रामीणों की दिक्कत पर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशन उपरांत विद्युत विभाग द्वारा शनिवार को ग्रामीणों की समस्या का निराकरण कराते हुए विद्युत केबल का विस्तार करा दिया गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुम्दा बस्ती के ढोड़गापारा से करीब दो महीने पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा करीब 100 मीटर विद्युत केबल की चोरी कर लिया गया था। इस वजह से गांव के करीब 15-20 घरों के लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या से कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया था, बावजूद इसके कोई पहल नहीं की गई थी। जिस पर ग्रामीणों की मांग पर हरिभूमि द्वारा 12 जुलाई को विद्युत केबल के चोरी होने से डोढ़गापारा में दो महीने से अंधेरा नामक शीर्षक की खबर प्रमुखता से प्रकाशित कराया गया था। खबर प्रकाशन उपरांत सुस्त विभागीय अधिकारियों द्वारा सक्रिय होकर शनिवार को गांव में कर्मचारी भेजकर चोरी गए केबल के बदले नया विद्युत केबल का विस्तार कराकर गांव में विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी गई है। विद्युत आपूर्ति बहाल होने से अब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

खबर का असर



### सीबीआई जांच की मांग को लेकर बसपा ने सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर-चांपा।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा शुक्रवार 12 जुलाई को अमरगुफा गिरौदपुर में जय स्तम्भ को काटने एवं 10 जून को सतनामी समाज द्वारा शांतिपूर्ण आंदोलन में षड़यत्रकारी असमाजिक तत्वों द्वारा आगजनी कर समाज का छवि धुमिल करने वालों के विरोध में एवं निर्दोष लोगों की निशर्त रिहाई और घटित घटना की सी. बी. आई. जांच की मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रुप से राधेश्याम रूर्यवंशी, जोन प्रभारी, श्रीमति इंदु बंजारे, पूर्व विधायक एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष, उदलकिरण पूर्व प्रदेश महासचिव, रोहित डहरिया जिलाध्यक्ष, जशपाल दर्वेश, जिला महासचिव कमला प्रसाद खुंटे जिला संयोजक बीभीएफ, फनीराम दिनकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मोहन सिंह विधानसभा अध्यक्ष जांजगीर-चाम्पा, भोगी लाल पाटले अध्यक्ष विधानसभा अकलतरा, शत्रुहन नेताम अध्यक्ष विधानसभा पामगढ़ सहित सैकड़ों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जयंती पर राजमाता देवेंद्र कुमारी को दी गई श्रद्धांजलि

**अंबिकापुर।** राजमाता स्व. श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव की 91वें जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान राजमाता की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव का जन्म 1933 में शिमला में हुआ था। राजीव भवन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए औषधीय पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि राजमाता ने सरगुजा के निवासियों की सहायता को कभी भी दलीय नजरिए से नहीं देखा। उनकी नजर में सहायता मांगने वाला व्यक्ति सरगुजा वासी होना चाहिये था। इसी नजरिए को ध्यान में रखकर वे कार्य करती थी। जिस दौर में वे मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल में मंत्री थी, उस दौर में अविभाजित सरगुजा में सर्वाधिक पुल पुलियों का निर्माण हुआ था। सरगुजा वासियों की सहायता और सरगुजा को लेकर उनमें समग्र दृष्टी थी। इस दौरान राजीव भवन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी हुआ। इससे पूर्व प्रतीक्षा बस स्टैण्ड चौक पर राजमाता एवं स्व. महाराज एमएस सिंहदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, शफी अहमद, द्वितेन्द्र मिश्रा, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, मो. इस्लाम, मदन जायसवाल, अनिल सिंह, हरभजन सिंह भामरा, गुरप्रीत सिद्धू, कलीम अंसारी, गीता रजक, नुजहत फातिमा, विवेक सिंह, अमित सिंह, निक्की खान, नीतीश चौरसिया, फैसल सिद्दीकी, रोशन कन्नौजिया, बालकेश्वर ठाकुर, राजू विश्राम आदि मौजूद थे।

- प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



### किया गया पौधरोपण

राजमाता के 91 वें जयंती पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बंधियाचूंआ प्राथमिक शाला में हो रहे पौधरोपण के लिए एक आम का पौधा अपने भतीजे जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव को मां के नाम एक पौधे के संदेश के साथ वृक्षारोपण करने के लिए दिया। उन्होंने स्वयं भी अपने निजी निवास तपस्या में पौधरोपण किया। बंधियाचुंआ प्राथमिक शाला में जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव ने स्कूल के बच्चों, स्थानीय निवासियों और कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया। इसके पूर्व उन्होंने राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय में राजमाता के तस्वीर पर माल्यार्पण कर महाविद्यालय परिसर में नारियल का पौधा भी लगाया।



# बेसिक लाइफ एवं एडवांस कार्डियक लाइफ सपोर्ट का दिया गया प्रशिक्षण

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर में अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन सर्टिफाइड गाइडलाइन अनुसार ब्लॉक के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, आरएमए स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, सेक्टर सुपरवाइजर, आरएचओ तथा द्वितीय एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसका उद्देश्य- स्वास्थ्य सेवा में सुधार प्रशिक्षित और कुशल कर्मचारियों के साथ नवीनतम चिकित्सा तकनीकों का प्रयोग कर उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने हेतु ग्रीन जीनोम इंडिया दिल्ली से आए विशेष प्रशिक्षक डॉ. गौरव महाजन एवं टीम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें मरीज को हार्ट अटैक तथा कार्डियक अरेस्ट आने की स्थिति में उसे कोलैप्स होने से बचाने के सुरक्षात्मक उपाय करेंगे। मरीज की स्थिति का रिस्पांस तथा आकलन,कार्डियक अरेस्ट का मूल्यांकन तथा आपातकालीन परिस्थितियों में मरीज को कोलैप्स होने से बचाने कैसे तत्काल हाई क्वालिटी सीपीआर एडल्ट एवं बच्चों को देंगे इस संबंध में विस्तार पूर्वक बताया गया।



# नए पोस्टर में कर्ण के रूप में नजर आए प्रभास...

**मुंबई।** इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर बेहद शानदार प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को मिली इस ऐतिहासिक सफलता के बाद, निर्माताओं ने सभी फैंस और सिनेप्रेमियों को धन्यवाद देते हुए एक खास पोस्ट साझा किया है। टीम की तरफ से प्रभास का कर्ण के रूप में एक विशेष पोस्टर साझा किया है। 1000 करोड़ रुपए कमाने वाली यह सातवीं भारतीय फिल्म है। इस शानदार सफलता के बाद पोस्टर साझा करते हुए टीम ने लिखा, '1000 करोड़ पूरे और गिनती जारी है। यह मील का पत्थर आपके प्यार का जश्न है। हमने दिल लगा के फिल्म को बनाया।

लाइफ Style



# कैटरीना ने बनाया बेहतर इंसान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

विकी कौशल का मानना है कि कैटरीना जैसी बीवी पाकर उनकी किस्मत खुल गई। उन्होंने मजाक में बताया कि उनकी वाइफ कपड़े रखने के लिए काफी स्पेस लेती हैं और उन्हें कम जगह मिलती है। विकी कौशल अपनी वाइफ कटरीना कैफ के फैन हैं।


यह बात उनके कई इंटरव्यूज से जाहिर हो चुकी है। कैटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं। मुझे लगता है कि मैं उनकी वजह से बेहतर इंसान बन गया। बातचीत में विकी ने बताया, मेरे घर में हर कोई एक-एक करके अपने कलेशी मोमेंट का इंतजार करता है। ये जिम्मा किसी एक का नहीं है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ सनी या कटरीना या मॉम या डैड या मैं। कोई परमानेंट कलेशी नहीं है। हर किसी का दिन आता है और उस दिन बाकी उसी मोड में आ जाते हैं। विकी ने बताया कि जब वह भूखे हों या सोए ना हों तब ही कलेश करते हैं। जब मुझे वॉरड्रोब मिलेगा तब तो कलेश होगा। विकी ने बताया कि कटरीना के पास पूरा वॉरड्रोब है और उनके पास कपड़े रखने के लिए सिर्फ ड्रॉर। ऐसे में वॉरड्रोब पर लड़ने का सवाल ही नहीं है। विकी से पूछा गया कि बुरे वक्त में दोनों कैसे एक-दूसरे का साथ देते हैं। इस पर विकी बोले, हम एक-दूसरे का हाथ पकड़कर जो कहना है कहते रहते हैं। जो भी हो हम साथ हैं। इस उतार-चढ़ाव में हम एक-दूसरे के साथ हैं। कटरीना की तारीफ करते हुए विकी बोले, उन्होंने मुझमें और मेरी जिंदगी में जो चीजें ऐड की हैं उनके लिए मैं खुद को खुशकिस्मत मानता हूं।

## हॉलीवुड मसाला



# 'डी 23 फैन...' का हुआ ऐलान

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी ने 2024 के लिए अपनी डी 23 फैन इवेंट की पूरी योजना की जानकारी दे दी है। इससे पहले कंपनी ने सीईएस पर इस साल घोषणा की थी कि वह इस बार अपने फैन कन्वेंशन के साथ नए क्षेत्रों में कदम बढ़ाएगी, पहली बार इसे डिज्नी+ पर स्ट्रीम करेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में विस्तार करेगी। शुक्रवार, 9 अगस्त को शाम 7 बजे डिज्नी एंटरटेनमेंट शोकेस में सितारों की महफिल सजेगी, जिसमें प्रशंसकों को आने वाली फिल्मों, सीरीज और शो की विशेष झलक दिखाई जाएगी।




# अदालत में रो पड़े एलेक बाल्डविन

**लॉस एंजिलिस।** न्यू मैक्सिको के एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को एलेक बाल्डविन के खिलाफ अनैच्छिक हत्या के आरोपों को खारिज कर दिया। न्यू मैक्सिको के सांता फे में मुकदमे की अध्यक्षता कर रहीं न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने कहा कि सिनेमैटोग्राफर हैलिना हचिन्स की मौत से संबंधित संभावित गोलियां, जो बाल्डविन के मामले के लिए कारगर हो सकती थीं, पुलिस और अभियोजकों द्वारा उनके वकीलों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। न्यू मैक्सिको में बाल्डविन का मुकदमा शुरू होने के तीन दिन बाद न्यायाधीश मैरी मार्लो सोमर ने शुक्रवार को बचाव पक्ष के अनुरोध पर साक्ष्य सुनने के बाद फैसला सुनाया। एलेक बाल्डविन फैसला सुनने के बाद रो पड़े और उन्होंने अपनी पत्नी हिलारिया बाल्डविन को गले लगाया, जो इस सप्ताह की सुनवाई के दौरान अदालत में मौजूद थीं।



# ऐश्वर्या ने झेला रिजेक्शन सुनाई आपबीती

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस ऐश्वर्या राजेश ने लोगों के मिले ताने और करियर रिजेक्शन पर खुलासा किया। ऐश्वर्या ने कहा कि शुरुआत में उनसे कहा गया कि वह हीरोइन बनने के लिए बहुत सिंपल है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि वह स्टार की तरह पेश नहीं आती और समय बर्बाद कर रही हैं। ऐश्वर्या राजेश ने कहा, 'जब मैंने एक्टिंग करना शुरू किया तो कुछ लोगों ने मुझसे कहा कि मैं हीरोइन नहीं बन सकती, क्योंकि मैं बहुत सिंपल हूं। शुरुआत में मुझे बहुत सारे रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, लेकिन मैं आगे बढ़ती रही और हिम्मत बनाए रखी।' कन्नड़, तमिल और तेलुगू फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं ऐश्वर्या राजेश आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उनकी गिनती साउथ की पॉपुलर और टॉप एक्ट्रेसेस में होती है। ल



# 'काकुड़ा' से मुकाबला करते दिखे रितेश

**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 ने आदित्य सरपोतदार की फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। सोनाक्षी सिन्हा और रितेश देशमुख की फिल्म 'काकुड़ा' ऐलान के बाद से ही सुर्खियों में छाई हुई है। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया था, जिसने प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ा दिया। वहीं, अब फैंस की उत्सुकता को और बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने फिल्म से अभिनेता रितेश देशमुख का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें 'ककुडा' को 'मैनहंटर' और रितेश देशमुख उर्फ विक्टर को 'घोस्ट हंटर' के रूप में दिखाया गया है। इस तीखे और डरावने मुकाबले में यह देखना बाकी है कि आखिर में कौन जीतेगा।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता का...' में वापसी कर रहा है ये मेन कैरेक्टर?

**नई दिल्ली।** टीवी का फेमस सिटकॉम 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' बीते करीब 16 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। ये एक ऐसा शो है जिसे हर उम्र के लोग देखना पसंद करते हैं। इस शो की कहानी ही नहीं, बल्कि इसके किरदार भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहते हैं। इस शो में अब तक कई कलाकार आए और गए, लेकिन जाने के बाद के भी वो फैंस के बीच चर्चा में रहते हैं। बीते कुछ सालों में कई मेन कलाकारों ने शो को अलविदा कहा। वहीं, ये शो कई विवादों में भी घिरा रहा है। इस बीच अब शो के एक लीड कलाकार की वापसी की खबर सामने आ रही है। इस एक्टर का नाम सुनकर आप भी खुशी से झूम उठेंगे। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाकर घर-घर में फेमस हुए गुरुचरण सिंह एक बार फिर से शो में वापसी कर सकते हैं। गुरुचरण का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो शो में वापसी को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। गुरुचरण से जब पूछा गया कि क्या उन्हें फिर से तारक मेहता में देखने को मिलेगा।

## 'बिग बॉस ओटीटी 3' के लिए अरमान मलिक ने हथियाया था ये हथकंडा


**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' को लेकर दर्शकों के बीच एक्सीडेंट काफी बढ़ता जा रहा है। शो में इस बार पत्रकार से लेकर यूट्यूबर, रैपर,



टीवी और बॉलीवुड तक के स्टार्स ने एंट्री ली है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में दो बीवियों वाले अरमान मलिक हैं। अब बिग बॉस 17 के एक्स कंटेस्टेंट तहलका प्रैंक उर्फ सनी आर्या ने उनका असली चेहरा दिखाया है। सनी ने वीडियो शेयर कर दिखाया कि शो में आने के लिए अरमान किस हद तक जा सकते हैं। तहलका, अरमान का वीडियो बना रहे होते हैं, तभी वो उनसे कैमरा छीनने की कोशिश करते हैं। इस पर सनी, अरमान से कहते हैं कि ये हरकत मत कर पहले बोल रहा हूं। लोगों ने कहा कि तू नाटक कर रहा है। बिग बॉस में जाने के लिए इस तरह के हथकंडे हथियाते हो। इस पर अरमान कहते हैं कि मुझे कोई शौक नहीं है बिग बॉस में जाने का छत्तीस मैसेज आ रखें हैं।

# 'द कार्दशियन' में दिखेगी अनंत-राधिका की शादी की झलक?

**मुंबई।** किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन, अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का हिस्सा बनने के लिए बीते दिन 11 जुलाई को मुंबई पहुंचीं। वेन्यू पर



दोनों का भव्य स्वागत हुआ। साथ ही किम और क्लो ने पैपराजी के कैमरों के लिए भी ढेरों पोज दिए। वहीं, अब कार्दशियन बहनों को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट की मानें तो स्टार बहनें अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए इस वेडिंग को फिल्माने वाली हैं। कथित तौर पर किम और क्लो अपने रियलिटी शो 'द कार्दशियन' के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी को कैप्चर करेंगी। जानकारी तो यह भी है कि बहनें यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ग्लैम टीम लेकर आई हैं कि वे अपनी पूरी यात्रा के दौरान सर्वश्रेष्ठ दिखें। अपने हेयर स्टाइलिस्ट क्रिस एपलटन, मेकअप कलाकार और फिल्म निर्माता के साथ, किम कार्दशियन और क्लो कार्दशियन अपने शो के संभावित छठे सीजन के मुख्य आकर्षण के लिए अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में भारत आने से लेकर भारत में रुकने तक की अपनी यात्रा को फिल्माएंगी।

# 'कई पुराने परिचितों के लिए प्यार महसूस हुआ' अनंत-राधिका की शादी के बाद यादों में खोए बिग बी

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में शामिल होने का अपना अनुभव साझा किया। अभिनेता अपने परिवार, जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के साथ इस भव्य समारोह में शामिल हुए। शादी में शामिल होने के बाद बिग बी ने देर रात अपने ब्लॉग पर इस कार्यक्रम के बारे में अपने विचार साझा किए। अपने ब्लॉग में अभिनेता ने अपने अनुभव को साझा करने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, 'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति- कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है। एक शानदार शादी से वापस



*'हां, इस अलौकिक समय में भी जुड़ने की इच्छा और इच्छाशक्ति- कुछ लोगों के लिए, यह काम का समय है, लेकिन मेरे लिए समय का उपयोग करने की आवश्यकता है।*

आकर मैं लंबे समय के बाद इतने सारे पुराने परिचितों के साथ प्यार और स्नेह की समृद्धि महसूस कर रहा हूं। अमिताभ बच्चन ने आगे कहा, 'ऐसा लग रहा था कि उनकी शारीरिक बनावट बदल गई है, लेकिन वे अपने रिश्ते और साथ में बिताए गए समय के प्रति बेहद ईमानदार हैं। यही तो जीवन है, रिश्ता, प्यार और देखभाल।' अमिताभ बच्चन ने आगे अपनी पुराने रिश्तों को भी याद किया और लोगों के जीवन में उसके महत्व को भी समझाया। उन्होंने आगे लिखा, 'यह अजीब है कि कैसे छोटी-छोटी चीजें जो एक-दूसरे के लिए मायने रखती हैं, बनी रहती हैं, लेकिन जिनके साथ गहरा संबंध था या जिन्होंने सार्थक समय बिताया था, वे खो जाते हैं और भुला दिए जाते हैं... वास्तव में भुलाए नहीं जाते हैं, लेकिन पीछे रख दिए जाते हैं और केवल तभी याद किए जाते हैं या सामने लाए जाते हैं, जब संबंध का आवश्यक अर्थ होता है।'

# जब इस फिल्म ने बुलंद कर दिया था धर्मेंद्र का सितारा, बना दिया था सुपरस्टार

**नई दिल्ली।** धर्मेंद्र का नाम बॉलीवुड के उन एक्टर्स में शुमार रहा है, जो उम्दा एक्टर होने के साथ साथ गजब की फैन फॉलोइंग भी रखते थे। करियर की पीक पर रहते हुए उन्होंने एक से बढ़ एक फिल्में दी हैं, जिसमें एक्शन से लेकर रोमांस और कॉमेडी जोनर तक की फिल्में शामिल हैं। वैसे तो धर्मेंद्र का करियर पचास और साठ के दरम्यानी दौर में शुरू हो गया था, लेकिन उनकी सबसे ज्यादा हिट फिल्मे रहीं लेट सिक्सिटीज फिर सत्तर के दशक की। यही वो समय था जब उनकी एक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल दिखाया कि करीब पचास हफ्ते तक वो फिल्म थिएटर से उतरी ही नहीं। इस फिल्म को प्यार न सिर्फ भारत में मिला, बल्कि दुनियाभर में भी ये फिल्म छाई रही।



## धर्मेंद्र की वो सुपरहिट फिल्म

वैसे तो धर्मेंद्र अब भी फिल्मों में एक्टिव हैं। 88 साल की उम्र में धर्मेंद्र, शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ उनकी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में दिख चुके हैं। इससे पहले रॉकी और रानी की लवस्टोरी में भी धर्मेंद्र नजर आए। लेकिन हम जिस मूवी की बात कर रहे हैं वो आई थी साल 1977 में। ये फिल्म थी धरम वीर। इस एक्शन ड्रामा मूवी में धर्मेंद्र के साथ दिखी थीं जीनत अमान, जितेंद्र और नीतू सिंह। इन सबके अलावा प्राण भी इस फिल्म में अहम भूमिका में थे।

**50 हफ्ते तक लगी रही फिल्म :** जुड़वा भाइयों की कहानी पर बेस्ड ये फुल ड्रामा मूवी, भारत में खूब पसंद की गई। फिल्म करीब पचास हफ्ते तक थियेटर में लगी रही। उस दौर में फिल्म ने सिर्फ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर ही 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके अलावा फिल्म ने यूनाइटेड किंगडम यानी कि इंग्लैंड के पांच शहरों में भी 23 सफल शो देखे। उस दौर में सिर्फ इंग्लैंड में फिल्म ने 4 लाख 38 हजार रुपए की कमाई की। यहां मोहम्मद रफी की आवाज में गाए गीत भी खूब पसंद किए गए।

# ऐश्वर्या से माफी मांगना चाहते हैं इमरान...

**मुंबई।** एक इंटरव्यू में एक्टर इमरान हाशमी ने उस किस्से के बारे में बात की जब उन्होंने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इमरान हाशमी ने अब उसबारे में खुलकर बात की है। उन्होंने कहा है कि वो ऐश्वर्या राय से इस बात के लिए माफी मांगना चाहेंगे। इमरान हाशमी से पूछा गया कि क्या उन्हें ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहने का पछतावा है? सवाल सुनते ही इमरान हाशमी ने कहा कि हां उन्हें इस चीज का पछतावा है। उन्होंने कहा कि मैं कहता रहता हूं कि मैनें जिनके बारे में बात की, उनके प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए इमरान ने कहा कि मुझे उस चीज का पछतावा है क्योंकि वो बहुत अप्रिय था। अब लोग बहुत सेंस्टिव हो चुके हैं। लोग सोशल मीडिया पर हर चीज पर नाराज हो जाते हैं। इमरान हाशमी ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि अगर ऐश्वर्या राय को उनकी बात का बुरा लगा था वो उनसे माफी मांगना चाहेंगे।



बता दें, कॉफी विद करण के चौथे सीजन के एक एपिसोड में इमरान हाशमी ने ऐश्वर्या राय को प्लास्टिक कहकर बुलाया था। इसके बाद, इमरान हाशमी को सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल किया गया था। इमरान हाशमी ने कहा कि मैं बस हैंपर जीतना चाहता था और इसलिए मैंने वो कहा। हालांकि, ऐश्वर्या राय ने कभी इमरान हाशमी के इस स्टेंटमेंट पर सीधे तौर पर रिएक्ट नहीं किया है।

## खबर संक्षेप

### वन महोत्सव में भाजपा जिला अध्यक्ष ने लगाया मां के नाम पौधा

**सरसींवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों के एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया था देश के नागरिकों से इस वर्ष वर्षा ऋतु में अपनी मां के सम्मान के लिए सम्मान स्वरूप एक पौधा लगाने का आह्वान किया है। जिसके तहत सारंगढ़ बिलाईगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष जालान एक पेड़ मां के नाम अभियान में ग्राम प्राथमिक शाला धोराभाटा में आयोजित वन महोत्सव में विभिन्न फलदार पौधा रोपण किया गया। वहीं वन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। साथ साथ आमजनों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया महोत्सव में लोगों को निशुल्क पौधा वितरण भी किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष द्वावा रीका साहू, जिला मंत्री रामनारायण देवांगन, मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, मंडल महामंत्री हेतराम साहू, आईटी सेल जिला संयोजक एवं विधानसभा प्रभारी जिला सोशल मीडिया प्रभारी खूबचंद मिरी सह सोशल मीडिया प्रभारी देवानंद मारकंडे, अनिल साहू, सनी राम साहू, घासीराम डड़सेना अमृतलाल साहू, युवा मोर्चा महामंत्री, गोसाई राम भारद्वाज उपस्थित थे।

### सेजेस सारंगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वन महोत्सव

**सारंगढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम विद्यालय सेजेस सारंगढ़ में शनिवार को बैग लेश डे के अंतर्गत राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा निर्धारित वन महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में स्थित माँ सरस्वती की मंदिर वाले बगीचे में पौधारोपण करके की गई। पौधारोपण में विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक राजेश देवांगन द्वारा सालूमरदा थिमक्का जिन्हें वृक्ष माता के नाम से जाना जाता है जिनकी उम्र 112 वर्ष है और वह 8000 से भी अधिक पेड़ लगा चुकी हैं जिसके कारण उन्हें 2019 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के द्वारा भी विभिन्न पेड़ पौधे के बारे में भाषण दिया गया। इस कार्यक्रम में मिडिल स्कूल के समस्त शिक्षक शामिल हुए।

### बिजली कटौती के नाम पर कांग्रेस सरकार को कर रही बदनाम

**सरसींवा।** सरसींवा जिला व ब्लॉक में इन दिनों कांग्रेसियों द्वारा विद्युत कटौती को लेकर धरना प्रदर्शन कर प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बदनाम करने की साजिश की जा रही है जिसे पूरे जिले की जनता झूठ बोलने वाला कांग्रेसियों को मुंहतोड़ जवाब देगी भारतीय जनता पार्टी के छाया विधायक डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़े ने कहा है कि कांग्रेस पूरी तरह से मुद्दा विहीन हो चुकी है बरसात के मौसम में आंधी तूफान एवं बिजली कड़कने के कारण विद्युत उपकरणों में आई खराबी के वजह से कुछ समय तक बिजली प्राकृतिक बंधित हो रही है यह बात सत्य है लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारी जो आपने जान लगाकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने में सफलता हासिल कर रहे हैं आज पूरे जिले में लगातार 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है इसके बावजूद कांग्रेसियों के द्वारा अपने प्रदेश के आकओ के फरमान पर जनता को गुमराह करने एवं अपना नौटंकी दिखाने के लिए बाध्य हैं आगे छाया विधायक दिनेश लाल जांगडे ने कहा है कांग्रेस यह बताएं कि 5 वर्षों में प्रदेश में बिजली की उत्पादन क्षमता बड़े इसके लिए क्या किए विधानसभा और लोकसभा चुनाव के हार के बाद कांग्रेस नेता मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए यह सब कर रहे हैं छाया विधायक डॉक्टर दिनेश लाल जांगड़ा ने कहा है कि कांग्रेस सरकार अपने 5 साल के कार्यकाल में चार बार से ज्यादा बिजली टैरिफ बढ़ाया गया बिजली उत्पादन करने वाले दो बड़े प्लांट बंद हो गए उत्पादन क्षमता बढ़ाने की जगह घट गई है।

## निधन

### विजय सिदार

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांदागढ की पूर्व सरपंच एवं आदिवासी नेता श्रीमती सोमती सिदार पति विजय सिदार का बीते शनिवार को निधन हो गया। इनके निधन पर समूचे आदिवासी समाज, कांदागढ अंचल एवं भाजपा संगठन में शोक व्याप्त है तथा गहरी संवेदना व्यक्त की जा रही है।



### हाईकोर्ट चीफ जस्टिस ने लोक अदालत की सफलता पर दी बधाई

# बरसों से न्यायालय में विचाराधीन मामलों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में 13 जुलाई को सम्पूर्ण जिला रायगढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, उक्त आयोजन हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एवं संरक्षक रमेश सिन्हा के दिशा निर्देश एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायमूर्ति एवं कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर गौतम भादुड़ी के मार्गदर्शन में आयोजन किया गया है।

नेशनल लोक अदालत, जो वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़ सहित तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, खरसिया तथा बिलाईगढ़ में आयोजित किया गया। आयोजित उक्त नेशनल लोक अदालत के अवसर पर माननीय छग उच्च न्यायालय बिलासपुर से पोर्टफोलियो जज जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल का आगमन हुआ। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं जिला रायगढ़ के पोर्टफोलियों जज रविन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा न्यायालय भ्रमण कर प्रत्येक खण्डपीठ में जाकर पक्षकारों का तथा पीठासीन अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एवं जिला रायगढ़ के पोर्टफोलियों जज रविन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा न्यायालय भ्रमण किया गया भ्रमण के दौरान उनके साथ जिला न्यायालय रायगढ़ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश जितेन्द्र कुमार जैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेन्द्र साहू, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती अंकित मुदलियार, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष नरेन्द्र प्रधान एवं सचिव शरद पाण्डेय उपस्थित रहें। न्यायमूर्ति न्यायालय में गठित प्रत्येक खण्डपीठ में गए वहां पर पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण निराकृत करने हेतु प्रेरित कियाए प्रत्येक खण्डपीठ में जाकर पीठासीन अधिकारी एवं सदस्यों को बताया गया, कि उनके माध्यम से आज जो राजीनामा होगें उनसे लोगों के बीच न्याय का संबंध और मजबूत होगाए उन्होंने पक्षकारों से बातचीत कर यह बताया, कि लोक अदालत का उद्देश्य केवल यह है, कि न किसी की जीत और न किसी की हार और जीत केवल न्याय की हो। न्यायमूर्ति द्वारा अधिवक्ता संघ के कार्यालय में जाकर अधिवक्ता बंधुओं से बातचीत कर उन्हें लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण निराकरण करने हेतु सहयोग प्रदान करने के लिये प्रेरित किया गया। जिला रायगढ़ की खण्डपीठ 11 में निराकृत हुआ ऐतिहासिक प्रकरण जिसमें उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति ने पक्षकारों को आगामी जीवन प्रेम और स्नेह के साथ व्यतीत करने की शुभकामनाओं के साथ साथ साथ घर जाने के लिए प्रेरित किया।



जिला एवं तहसील न्यायालयों तथा राजस्व न्यायालयों में विभिन्न प्रकृति के राजीनामा योग्य मामले जैसे. मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक वसूली के प्रकरण, आपराधिक मामले, विद्युत मामलेए श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, चेक अनादरण, सिविल मामले, राजस्व मामले के साथ साथ आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामले, जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल करते हुए खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 4716 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 21338 को राजीनामा के आधार पर निराकरण हेतु लोक अदालत में रखा गया। इस प्रकार रखे गये कुल 26054 प्रकरणों में से लंबित 3966 एवं प्रीलिटिगेशन 12110 प्रकरण निराकृत हुए। इस प्रकार कुल 16076 प्रकरणों का निराकरण, जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय, किशोर न्याय बोर्ड, उपभोक्ता फोरम रायगढ़ एवं तहसील स्थित ब्यवहार न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़,खरसिया, बिलाईगढ़ व राजस्व न्यायालय में राजीनामा के आधार पर किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 66922714. रूपए अक्षरांक छ करोड़ उन्हत्तर लाख बाईस हजार सात सौ चौदह रूपयेद्ध का सेटलमेंट हुआ। राजीनामा के आधार पर न्यायालयों में लम्बित 05 वर्ष से अधिक अवधि के 39 प्रकरण तथा वरिष्ठ नागरिकों के 05 एवं महिलाओं के लंबित 33 प्रकरणों का निराकरण हुआ।

राजस्व न्यायालयों में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे के मामले, कब्जे के आधार पर बंटवारा के मामले, दण्ड प्रक्रिया संहिता 145 के कार्यवाही के मामले, विक्रयपत्र दानपत्र वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले एवं शेष अन्य प्रकृति के कुल 12302 मामले रखे गए जिनमें से 12006 मामलों का निराकरण आज की लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों की गठित खण्डपीठ द्वारा किया गया।

### घरघोड़ा के लोक अदालत में 419 प्रकरणों का निपटारा



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा न्यायालय में शनिवार को प्रधान जिला न्यायाधीश एव अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार जैन के निर्देशानुसार जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति अभिषेक शर्मा ने लोक अदालत में अधिवक्ताओं के समझाइस पर पक्षकारों के आपसी राजीनामा के लिए सभी का धन्यवाद किया है। जिला एवं अतिरिक सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा के न्यायालय में मोटर दुर्घटना दावा के चार प्रकरणों में 31 लाख 50 हजार रुपए का क्षतिपूर्ति तथा आर्बिट्रेसन के मामलों में 6 लाख 660872 रुपए का दावा स्वीकार किया गया। वहीं न्यायालय में हिंदू विवाह अधिनियम के तहत एक परिवार को न्यायालय में उभय पक्ष के आपसी सहमति होने पर एक साथ आगे की दांपत्य जीवन जीने की निर्णय किया गया। व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक श्रीमती चंद्रकला देवी साहू के न्यायालय में चेक अनादरित संबंधी 03 मामले 03 सिविल मामले तथा 360 समरी मामलों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से किया गया। व्यवहार न्यायधीश श्रीमती काम्या अय्यर के न्यायालय में 17 अपराधिक प्रकरण तथा 34 समरी मामलों में निपटारा किया गया।

### धरमजयगढ़ में विभिन्न प्रकरणों का निराकरण



**कुड़ेकेला।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के निर्देशानुसार प्रिया रजक व्यवहार न्यायाधीश अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के नेतृत्व में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के मौके पर प्रिया रजक व्यवहार न्यायाधीश अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति, सदस्य कमल सीकदार अधिवक्ता, पिंटू सोनी अधिवक्ता, पीएलबी श्रीमती मौसमी शर्मा, पीएलबी श्रीमती सावित्री डनसेना, न्यायालय के कर्मचारी, बैंकों के कर्मचारी, अधिकारी एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे। लोक अदालत के जरिए बैंकों के 51 प्रकरण, विद्युत विभाग के 3 प्रकरण एवं न्यायालय के 309 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 5 वर्षीय प्रकरणों का भी निराकरण किया गया।

### एनटीपीसी निदेशक ने की तलईपल्ली परियोजना की समीक्षा



**घरघोड़ा।** एनटीपीसी के निदेशक ईंधन और एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड के अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव ने तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना की व्यापक समीक्षा की। जिसमें संचालन और समग्र परियोजना प्रगति के विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं का आकलन किया गया। उनकी यात्रा में खदानों के भीतर प्रमुख क्षेत्रों का विस्तृत मूल्यांकन शामिल था।अपने दौरे की शुरुआत में निदेशक ईंधन शिवम श्रीवास्तव ने दक्षता और परिचालन मानकों पर जोर देते हुए रेलवे साइडिंग का निरीक्षण किया। परियोजना प्रमुख अजय सिंह यादव और तलईपल्ली तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उन्होंने सुरक्षा प्रोटोकॉल और परियोजना की प्रगति पर ध्यान केंद्रित करते हुए पश्चिम दक्षिण और पूर्वी खदानो की गहन समीक्षा की।

### पटवारियों की हड़ताल से राजस्व कार्य प्रभावित



**पुसौर।** शासन द्वारा कराए जा रहे राजस्व पखवाडा के बीच ही प्रदेश के पटवारियों का अनिश्चित कालीन हडताल का एलान हो जाने से निर्धारित तिथी में आयोजित राजस्व पखवाड़ा को आनन फानन में संपन्न किया गया और आने वाले राजस्व पखवाडा को टाल भी दिए जाने की खबर है इस बीच यह बात भी जुड गई जिसमें कि प्रदेश के तहसीलदार और नायब तहसीलदार झलप उप तहसील के घटना को लेकर कुछ दिन के लिए हडताल में चले गये। बहरहाल पुनः जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किए जाने का फरमान शासन द्वारा जारी हो चुका है ऐसे स्थिति में राजस्व विभाग के उक्त प्रमुख लोग उपस्थित न रहे तो शिविर में राजस्व से जुडे कोई मामले हल नहीं होंगे ऐसा कयास लगाया जा रहा है चूंकि इस तरह का हाल बिते समय में सहदेवपाली में आयोजित राजस्व पखवाडा में देखा गया था।

### हाथियों को खदेड़ने के दौरान घायल हुए बुजुर्ग दंपती



**कटेली।** सारंगढ गोमर्डा अभ्यारण्य के खम्हारपाली ग्राम पंचायत के ग्राम बगबंध में बीती रात करीबन तीन बजे 25 हाथियों का दल घर में रखे महुआ को सूंघते हुए ग्रामीण चैतराम बरिहा के घर जो गांव से लगभग अलग ही दूर में है में घूस गया जहां उसकी पत्नी ननकीदाई भी सो रही थी तब हाथी ने उन्हें भी मामूली चोटें पहुंचाई और घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया जब इसकी जानकारी रेंजर सुरेंद्र अजय को हुई तो उन्होंने इसकी जानकारी फोन के माध्यम से डीएफओ को दिया जिससे तत्काल स्टाफ व हाथी मित्रों की सहायता से हाथियों को भगाया गया तथा दोनों बुजुर्गों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सारंगढ में भर्ती कराया गया इन्हें मामूली चोट आयीं है व दोनों सुरक्षित हैं तथा इन्हें मौके पर ही पांच हजार रुपये की सहायता राशि भी प्रदान किया गया है।

## बांसउरकुली, धारासीव और ग्राम बिलासपुर में राजस्व शिविर आज

**सारंगढ़।** बिलाईगढ़ अनुविभाग में 15 जुलाई को बांसउरकुली, धारासीव और ग्राम बिलासपुर में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा।

बांसउरकुली शिविर बिलाईगढ़ तहसील के बांसउरकुली शिविर में कर्राचखला 12, खुरसुला 12, भण्डोरा 12, रमतला 12, अजुर्नी 14, झरनीडीह 14, टाडापारा 14, देवरबोड 14, दीवानपुर 14, बांसउरकुली 14, कारीपाट 15, गोदली 15, नवापारा 15, पंडरीपानी 15 और सुतीउरकुली 15 के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य करा सकते हैं। धारासीव शिविर में भटगांव तहसील के ग्राम धारासीव शिविर में ग्राम धारासीव, चंदलीडीह,जमनार, ठाकुरदिया, डोकरीडीह और बरभाठा के नागरिक शामिल होकर अपने राजस्व प्रकरणों का निराकरण करा सकते हैं। बिलासपुर शिविर में सरसींवा तहसील के ग्राम बिलासपुर के शिविर में ग्राम बिलासपुर, मुड़पार, टाटा, चोरभठ्ठी और जोगेसरा के ग्रामीण अपने राजस्व कार्य करा सकते हैं। सारंगढ़ अनुविभाग में 15 जुलाई को उलखर खिचरी और भठली में राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा।उलखर शिविर सारंगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत उलखर के शिविर में खम्हारडीह, गाताडीह, नूनपानी, डौकीजोर, सिरौली, सुदराभांठा, नेकाइनटार, सुलौनी, उलखर, भदरा, गोपालभौना, छूहीपाली, गंतुली बड़ेए जसपुर, बरभांठा,रामपुर, तिलाईदादर, जामपाली, खुडबेना और बरदुला के ग्रामीण शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी कार्य करा सकते हैं।

■ उलखर, खिचरी और भठली में भी शिविर

नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी.1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### अग्निवीर वायु सैनिक के लिए आनलाइन आवेदन 28 तक

**सारंगढ़।** सहायक संचालक कौशल विकास पुरुषोत्तम स्वर्णकार ने बताया की वायु सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ है। इसके लिए युवाओं की जन्मतिथि 3 जुलाई 2004 से 3 जनवरी 2008 के बीच होना चाहिए। यह साढ़े 17 से 21 साल के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। इच्छुक युवक युवती अग्निवीर वायु सैनिक के लिए 28 जुलाई 2024 को रात्रि 11 बजे तक ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म भर सकते हैं, जिसका ऑनलाइन परीक्षा 18 अक्टूबर को निर्धारित है। पंजीकरण के लिए पोर्टल अग्निपथ वायुसीडीएसी डॉट इन पर किया जा सकता है। इसके लिए योग्यता हायर सेकंडरी बारहवीं में विज्ञान, वाणिज्य कला वर्ग के विद्यार्थी 50 प्रतिशत प्राप्तांक और अंग्रेजी विषय में अनिवार्य रूप से 50 प्रतिशत अंक आने पर शैक्षणिक रूप से भर्ती में भाग लेने के लिए पात्र होते हैं।

## रायगढ़ विखं के 100 प्राइमरी शिक्षकों को अंग्रेजी वार्तालाप का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धरमजयगढ़ तथा राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार विकासखंड रायगढ़ की 205 प्राथमिक शालाओं के 100 शिक्षकों को स्पोकन इंग्लिश अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में भुनेश्वर चौहान, सुमन पटेल, रश्मि नायक तथा चौहान के द्वारा सभी शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से तथा अलग अलग प्रविधियां के द्वारा लगातार प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

इस प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में अंग्रेजी भाषा के प्रति पैदा हो रहे डर को दूर करना तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अंग्रेजी बोलने में दक्ष करना है। पूरे प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को हिंदी में बात करने की अनुमति नहीं थीए किसी भी प्रकार के विचार तथा प्रश्न को अंग्रेजी में ही पूछ कर व्यक्त किया जा सकता था। प्रशिक्षण का संचालन समग्र शिक्षा अभियान विकासखंड स्त्रोत केंद्र कार्यालय के द्वारा किया जा रहा है।





प्रशिक्षण अवधि में विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक मनोज अग्रवाल के द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों का सघन निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा व्यवस्था बनाए रखने में के लिए आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण विकासखंड को दो भागों में बांटकर क्रमशः माध्यमिक शाला जुर्डा तथा प्राथमिक शाला ननसिया में दिया जा रहा है। विकासखंड रायगढ़ में चल रहे स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण का निरीक्षण डाईट प्राचार्य अनिल पैंकरा, डाइट के लेक्चर अनिल गबेल, भूषण प्रधान, बृजेश द्विवेदी द्वारा किया गया।

## तस्कर से 8 किलो गांजा बरामद बाइक जब्त

**सारंगढ़।** आबकारी आयुक्त सह सचिव आर संगीता और कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में गत दिवस हरिशंकर साहू पिता रामकृपाल और वाकेश्वर वर्मा पिता शोभित, दोनो निवासी ग्राम मल्दी थाना बिलाईगढ़ को मादक पदार्थ गांजा के अवैध तस्करी करते पकड़ा गया। गांजा के तस्करी के दौरान उपयोग में लाए बाइक को जब्त किया गया।

मुखबिर से मिली सूचना की आबकारी विभाग वृत्त बिलाईगढ़ को सूचना जांच में पुष्टि होने के पश्चात मुखबिर सूचना पंचनामा तैयार किया गया तथा जिला आबकारी अधिकारी को फोन पर इस संबंध में सूचित करते हुए गवाहों को नोटिस देकर आबकारी टीम के साथ बताए गए स्थान पर तत्काल उपस्थित हुए। मल्दी रामपुर मार्ग में एक संदिग्ध दो पहिया वाहन आता दिखा हमारे वाहन को आता देख वाहन चालक द्वारा वाहन को मोड़कर वापस भागने का प्रयास किया जिसे दौड़ा कर रुकवाया गया एवं गवाहों के समक्ष दोनों संदेहियों से पूछताछ की गई तथा इनके पास में काले रंग के बैग की विधिवत रूप से तलाशी ली गई तलाशी में बैग से कुल 08 नग झिल्ली में अच्छी तरह से भरा पत्ती नुमा बीज युक्त पदार्थ को बरामद किया गया बरामद मादक पदार्थ का मौके पर ही प्राथमिक रूप से जांच करने पर गांजा होना पाया गया स स्थानीय तौलक के माध्यम से गांजे का तौल करवाया गया जिसका कुल वजन 8.040 किलोग्राम का होना पाया गया है।



## फावड़ा मारकर पिता की हत्या, आरोपी पुत्र गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जशपुरनगर।** नशे की हालत में फावड़ा मारकर पिता की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 13 जुलाई को प्रार्थी फागुना राम 35 साल निवासी कुरोग ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि पड़ोस में रहने वाले बड़े पिता ठाकुर राम के आंगन में लड़ाई-झगड़ा करने का आवाज सुनाई दिया। मौके पर जाकर देखा तो इसके बड़े पिता ठाकुर राम आंगन में चित पड़े हुए थे एवं उनके सिर से खून निकल रहा था। विवेचना दौरान थाना बगीचा पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए दबिश देकर आरोपी संजय नागवंशी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ में संजय नागवंशी ने बताया कि वह शराब के नशे में था। उसके पिता द्वारा खेत में हल चलाने को लेकर विवाद हुआ और संजय ने आवेश में आकर लोहे का फावड़ा से अपने पिता ठाकुर राम के सिर, कान एवं चेहरा में कई बार वार कर हत्या कर दिया।

टॉप इन रायगढ़

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444